तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 28 अगस्त 2025

12 भाषण स्पर्धा में प्रतिष्ठा ने मारी बाजी रुषा को मिला दूसरा...



12 इक दिन बिक जाएगा माटी के मोल...



## मॉरीशस के वाणिज्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल ने पानीपत रिफाइनरी का दौरा किया

# भारत के साथ मॉरीशस के ऐतिहासिक संबंध: यंग



पानीपत। मॉरीशस के वाणिज्य व उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल, पानीपत रिफाइनरी का निरीक्षण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

मॉरीशस के वाणिज्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल ने पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व माइकल यंग सिक युएन, वाणिज्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री ने किया, जिनके साथ मनोरमा देवरानी माथुर डाबिदिन, स्थायी सचिव, और डॉ. नम्रता रीटू, सहायक स्थायी सचिव उपस्थित थीं। वहीं, प्रतिनिधियों का स्वागत अरविंद कुमार, निदेशक (रिफाइनरी) अतिरिक्त प्रभार निदेशक (पाइपलाइन्स), इंडियन ऑयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सौमित्रा श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी), एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी, अजय केला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप), एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इधर, यंग सिक युएन को पीआरपीसी का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने टूजी और थ्री जी बायो-एथेनॉल प्लांट, सीआर-11 कंट्रोल रूम और प्रोडक्ट एप्लिकेशन एवं डेवलपमेंट सेंटर (पीएडीसी) का दौरा किया, युवा इंजीनियरों के साथ संवाद किया।

### इंडियन ऑयल के नवाचार प्रयासों की सराहना की

नेट-ज़ीरो 2046 तक पहुंचने के लिए इंडियन ऑयल के नवाचार प्रयासों की सराहना की। वहीं, युएन ने कहा कि भारत और मॉरीशस के बीच लंबे समय से सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक संबंध रहे हैं, जो दोनों देशों की विकास कहानियों को आकार देते रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इंडियन ऑयल की रिफाइनरी भारत के ऊर्जा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और मॉरीशस जैसे देशों को भी समर्थन प्रदान करती है। रिफाइनरी के नवाचार, स्थिरता और गुणवत्ता पर ध्यान देने की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि ये मूल्य दोनों देशों की भविष्यदृष्टि को प्रतिबिंबित करते हैं।

## खबर संक्षेप

### कुवि ने घोषित किए 18 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 18 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। मई 2025 में आयोजित बीएससी (ग्राफिक्स एवं एनिमेशन) छठा सेमेस्टर, एमएससी वनस्पति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर, एम.ए. (समाजशास्त्र) चतुर्थ सेमेस्टर (एनईपी) सीबीसीएस, बीएफएडी 8वां सेमेस्टर, एमए (एआईएच) दूसरा सेमेस्टर (एनईपी), बी.वोक बीएफएसआई चतुर्थ सेमेस्टर, एमएसडब्ल्यू द्वितीय सेमेस्टर (रि-अपीयर) गैर-सीबीसीएस, एमएसडब्ल्यू चौथा सेमेस्टर (रि-अपीयर) नॉन-सीबीसीएस, एमबीए द्वितीय सेमेस्टर, एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर, एमए (शिक्षा) (पिछला), बीएचएम और सीटी छठा सेमेस्टर (फ्रेश + री-अपीयर) सीबीसीएस, फ्रेंच में डिप्लोमा, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर (री-अपीयर), बीए चतुर्थ सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), एमसीए तृतीय सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), पुरातत्व में पीजी डिप्लोमा द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

### युवक अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला अपराध अन्वेषण शाखा टू की टीम ने फतेहपुर पुल नहर पटरी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी कट्टा व दो जिंदा राउंड बरामद किए हैं। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कोल्ड स्टोर से मांस बरामद

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग में मंगलवार की देर रात गोरक्षकों की टीम की सूचना पर गांव निम्बरी में स्थित कोल्ड स्टोर की जांच की। जहां पुलिस ने करीब दो क्विंटल मांस बरामद किया। वहीं बरामद मांस के सैंपल लेकर लैब में भिजवाए गए है। डीएसपी यातायात सुरेश सैनी ने बताया कि रिपोर्ट मिलने के बाद पता चल पाएगा यह बरामद हुआ मांस गाय का है या अन्य किसी जानवर का। वहीं, इस मामले में थाना चांदनी बाग में केस दर्ज करवाया है। लैब की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की टीम के द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर बचे मांस को नष्ट करवा दिया गया है। ताकि इससे किसी प्रकार का संक्रमण न फैले।

### पानीपत: महिला कैदी सीखेगी सिलाई

**पानीपत।** जेल अधीक्षक संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला जेल पानीपत में कारपेंटर व सिलाई/ कटिंग के कोर्स बंदी आईटीआई के कोर्स शुरू किए जाने हैं। 60 बंदी/महिला बंदीयों ने दाखिला को आवेदन किया है। बंदी जेल में व्यस्त रहे व तनाव रहित रहे तथा जेल से रिहाई उपरांत निर्वाह कर सकेंगे।
व बंदी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें।

### फर्जी बैंक गारंटी देने पर बैंक मैनेजर पर केस

**यमुनानगर।** लोक निर्माण विभाग कार्यालय में 6.25 लाख रुपये की फर्जी बैंक गारंटी देने के आरोप में बैंक मैनेजर व करनाल की ग्रीनलैंड हार्टिकल्चर एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक पर धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ। यह कार्रवाई थाना शहर यमुनानगर पुलिस ने विभाग के एक्सईएन पुनीत मित्तल की शिकायत पर की है। एक्सईएन पुनीत मित्तल ने बताया कि वर्ष 2019 में करनाल की ग्रीनलैंड हार्टिकल्चर एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक मनीत रहेजिया ने 6.25 लाख रुपये की बैंक गारंटी दी थी। यह बैंक गारंटी ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स करनाल शाखा के सीनियर मैनेजर संजीव कुमार के माध्यम से दी गई। जांच में सामने आया कि फर्म ने फर्जी बैंक गारंटी दी।

### भाई की हत्या का नाबालिग आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना तहसील कैंप में थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके बड़े भाई व भाभी की मौत हो चुकी है। जिनका बड़ा बेटा 22 साल का था व छोटा बेटा 16 साल का है। बड़ा बेटा शराब पीने का आदी था, नशे की पूर्ति के लिए उसने घर का सामान बेच दिया था। इस हरकत के चलते छोटा भाई उससे रंजिश रखता था और अक्सर उसके साथ मारपीट करता रहता था। रंजिश रखते हुए छोटे ने 21 अगस्त को दिन में बड़े भाई की परने से गला घोटकर हत्या कर दी थी।

## अंबाला में सीआईए ने वाहन चोरों पर कसा शिकंजा

# चार आरोपी पकड़े, 4 एक्टिवा, 3 बाइक व तीन इंजन-चेसिस बरामद

*गिरोह के मुख्य आरोपी जोनी के खिलाफ पहले भी चोरी व फिरौती मांगने के कई केस दर्ज हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

सीआईए-2 ने एक वाहन चोर गिरोह को काबू किया है। चार आरोपियों से पुलिस ने सात वाहनों के साथ तीन वाहनों के इंजन व दूसरे पार्ट्स भी जब्त किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में अश्विनी उर्फ गोल्डी, जोनी, गुरविंद्र उर्फ शशा व आशीष कुमार शामिल है। आरोपियों से पुलिस ने 4 एक्टिवा, 3 मोटरसाइकिल व 3 मोटरसाइकिलों के इंजन, चेसिज व पार्टस बरामद किए हैं। आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत ने जेल भेज दिया गया है। गिरोह का मुख्य आरोपी जोनी के खिलाफ पहले भी चोरी व फिरौती मांगने के केस दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी जोनी ने थाना साहा क्षेत्र में जेवरात चोरी करना भी जुर्म कबूल किया है। सीआईए-2 निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया है कि थाना अंबाला शहर व अंबाला छावनी से एक्टिवा चोरी के मामले में पुलिस टीम लगातार कार्य कर रही थी। इन मामलों में सीआईए-2 ने चार आरोपियों को काबू किया। मुख्य आरोपी जोनी ने 9 मोटरसाइकिल चोरी की हुई थी। आरोपी अश्विनी व गुरविंद्र इनके पार्टस बेचने का कार्य करते थे। इस संबंध में थाना अंबाला शहर में एक्टिवा चोरी का मामला दर्ज था। थाना अंबाला छावनी में दर्ज एक्टिवा चोरी के एक अन्य मामले में पुलिस ने आरोपी आशीष कुमार को भी गिरफ्तार कर एक्टिवा बरामद कर ली है।




अंबाला। चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपी। फोटो: हरिभूमि

### घर में घुसकर गहने-नकदी व सामान चोरी

**करनाल।** राजीवपुरम कॉलोनी में रहने वाले दिहाड़ी मजदूर अजय पर जानलेवा हमला व लूट की वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी। 23 अगस्त को काका नामक युवक व उसके दो साथी शराब के नशे में धुत होकर घर में घुसे। आरोपियों ने अजय को डंडों से पीटकर बेहोश कर दिया और सोने-चांदी के गहने, 20 हजार नकद, मोबाइल फोन तथा घर का पंखा तक उठा ले गए। पीड़ित की बहन ने 25 अगस्त को उसका मेडिकल कराया, जिसमें पांच चोटें दर्ज हुईं। पीड़ित का आरोप है कि 20 अगस्त को भी हमलावर उसके घर आए थे और शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने एसपी कार्यालय में गुहार लगाई। थाना सेक्टर-32/33 पुलिस ने आरोपी काका व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## अंबाला के सांसद वरूण चौधरी ने सरकार को घेरा

# अवैध खनन के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार

- श्रम पोर्टल पर 25 लाख से ज्यादा श्रमिक पंजीकृत हैं लेकिन मुआवजा न के बराबर मिलता



शहजादपुर। सांसद का स्वागत करते कांग्रेसी नेता अशोक मेहता व अन्य।


हरिभूमि न्यूज ▸▸ शहजादपुर

कांग्रेस सांसद वरूण चौधरी बुधवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचे। यहां पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक मेहता, दुष्यंत चौहान ग्रामीण जिला अध्यक्ष समेत कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सांसद ने अवैध खनन के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार, जानबूझकर पूरे खनन ब्लॉक की नहीं होती अलॉटमेंट। चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें कहा जाता है कि वह नारायणगढ़ क्षेत्र में नहीं आते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। वह लोकसभा में हर जगह जाते हैं। संसद में वह अपने लोकसभा क्षेत्र की आवाज लगातार उठाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा के खिलाफ थी फिर भी यहां भाजपा की सरकार कैसे बनी। नारायणगढ़ को जिला बनाने तथा यहां से रेलवे लाइन निकालने पर उन्होंने पत्र लिखे, रेजुलेशन डाला गया लेकिन इन मांगों पर सरकार का जवाब ढीला रहा है। लोगों को पेंशन में बहुत परेशानी हो रही है। 2007 के बाद पेंशन को रिवाइज नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रम पोर्टल पर 25 लाख से ज्यादा श्रमिक पंजीकृत है लेकिन उनको मुआवजा न के बराबर मिलता है।

## किसानों को होती है दिक्कत

### विस में गूंजा मारकंडा, बेगना व टांगरी नदियों की सफाई का मुद्दा

**बराड़ा।** मुलाना विधायक पूजा ने विधानसभा के मानसून सत्र में मारकंडा, बेगना और टांगरी नदियों की सफाई को लेकर जोरदार तरीके से मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इन नदियों से गाद की सफाई न होने के कारण मानसून के दौरान गांवों और किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। विधानसभा के चौथे दिन विधायक पूजा ने सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री से सवाल करते हुए पूछा कि वर्तमान वित्त वर्ष में मारकंडा नदी से गाद निकालने का कार्य क्यों नहीं किया गया? कब तक किया जाएगा? मंत्री ने जवाब में कहा कि नदियों से हर मानसून से पहले गाद निकालने की कोई स्थायी योजना सरकार की नहीं है। मानसून खत्म होने के बाद नदियों में जमा मिट्टी का आंकलन कर अगले मानसून से पहले काम पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।



## नशा तस्कर का भंडाफोड़

### एक किलोग्राम गांजा के साथ प्रवासी गिरफ्तार

**अंबाला।** नशा तस्करों की पुलिस लगातार कमर तोड़ने का काम कर रही है। अब पुलिस ने गांजा तस्करी के बड़े मामले में एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ-साथ नशा तस्करी को रोकने हेतू नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार भी किया जा रहा है। थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर के राजीव गांधी खेल स्टेडियम के पास से पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में बिहार के आरोपी देहवान मंडल को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 90 ग्राम गांजा भी जब्त किया है। अब पुलिस ने आरोपी ने एक दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। एएनसी के निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि 26 अगस्त 2025 को उन्हें सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। वह नशे की बड़ी खेप लेकर अंबाला शहर आ रहा है।



# नशा तस्कर को 20 साल की कैद और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



एडिशनल सेशन जज योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी अभिनव उर्फ गोल्डी पुत्र सत्यपाल निवासी विजय नगर, हरि सिंह चौक, नूरवाला, पानीपत को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनवाई। वहीं एएसजे योगेश चौधरी की अदालत ने अभिनव उर्फ गोल्डी पर दो लाख रुपये का जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर अभिनव उर्फ गोल्डी को दो साल का अतिरिक्त कारवास भोगना होगा। स्मरणीय है कि पानीपत पुलिस ने अभिनव उर्फ गोल्डी को चार मई सन 2018 को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। वहीं आरोपी अभिनव उर्फ गोल्डी के खिलाफ थाना किला में 20 व 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया।

### पार्टनर पर 75 लाख के पेड़ बेच कर मुनाफा कमाने का आरोप

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुडा सेक्टर-17 निवासी रिटायर्ड कैप्टन दिनेश शर्मा ने अपने पार्टनर पर 75 लाख रुपये के पॉपुलर के पेड़ बेच कर मुनाफा कमाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी व्यक्ति, उसकी भाभी व भतीजी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रिटायर्ड कैप्टन दिनेश शर्मा ने बताया कि उनके पड़ोसी रमेश प्रताप के साथ उनकी मित्रता थी। 2019 में रमेश ने पार्टनरशिप में 77 बीघा कृषि भूमि को पट्टे पर लेने की बात कही।

## गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया ...



**इंद्री।** इंद्री के श्री कृष्ण मंदिर मे 16वां श्री गणेश स्थापना एवं विसर्जन महोत्सव शुरू हो गया जो कि 4 सितंबर तक चलेगा। श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना आर्चाय रामलाल शर्मा ने पूजा अर्चना करवाकर करवाई। इस मौके पर काफी संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे। जय श्री गणेश महोत्सव मंडल इंद्री के प्रधान आधिकराव यादव ने बताया कि कस्बे मे 16 वां गणपति स्थापना एवं विसर्जन महोत्सव 27 अगस्त से 4 सितंबर तक चलेगा। जिसमें हर रोज सुबह व सांय श्री गणेश पूजन व आरती होगी। 2 सितंबर को कस्बे में विशाल शोभा यात्रा निकालने के बाद पश्चिमी यमुना नहर में इंद्री के समीप मूर्ति विसर्जन किया जाएगा।

### फर्नीचर के गोदाम में आग पशु की जलकर मौत

**कुरुक्षेत्र।** झांसा रोड पर गांव भिवानीखेड़ा के समीप बुधवार अल सुबह एक फर्नीचर के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से गोदाम में रखी लकड़ी, मशीनें और तैयार फर्नीचर भी जलकर राख हो गया। हादसे में गोदाम के अंदर बंधी एक गाय की जलने से मौत हो गई, जबकि एक मोटरसाइकिल भी आग की भेंट चढ़ गई। जानकारी के अनुसार झांसा रोड पर सुबह करीब साढ़े 4 बजे श्रीकृष्णा फर्नीचर वर्कशॉप में आग लग गई। कुछ ही देर में आग भीषण हो गई। इससे आसपास के लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई।

## उपलब्धि | पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय स्थापित करने की भी दी गई जानकारी

# पिहोवा के पशुपालक रघुबीर की मुर्रा भैंस ने 20.480 किलोग्राम दूध देकर जीता 20 हजार का पुरस्कार

- पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान, मुंह खुर व गला घोटू रोग से बचाव के लिए टीकाकरण, बेरोजगार युवाओं द्वारा पशुपालन को अपनाकर लाभकारी व्यवसाय स्थापित करने की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिहोवा

राजकीय पशु चिकित्सालय मोहनपुर के तहत आने वाले पशु औषधालय ईशाक में पशुपालन विभाग के उपमंडल अधिकारी डॉ. सुरजीत की अध्यक्षता में मुर्रा नस्ल की भैंसों की मिल्क रिकॉर्डिंग कराई गई। सघन पशुधन विकास परियोजना के तहत हुई इस रिकॉर्डिंग में दंदयान डेयरी फार्म ईशाक के किसान रघुबीर सिंह की मुर्रा भैंस ने 20.480 किलो दूध देकर प्रथम पुरस्कार जीता। डॉ. सुरजीत ने बताया कि योजना के अनुसार पशुपालक को 20 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।



पिहोवा। पशुपालक रघुबीर की मुर्रा भैंस के साथ पशुपालन विभाग के अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### पिछले वित्तीय वर्ष में भी पुरस्कार जीता था

इसी पशुपालक की भैंस ने पिछले वित्तीय वर्ष में भी सघन पशुधन विकास परियोजना स्कीम के तहत मिल्क रिकॉर्डिंग में पुरस्कार जीता था। राजकीय वेटरनरी केंद्र कराह साहिब के डॉ. आर्यन ने पशुपालकों से कहा कि विभाग द्वारा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई गई है। जिनके बारे में पशुपालक अपने नजदीकी पशु अस्पताल या केंद्र से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जीवीडी ईशाक के इंचार्ज वीरेंद्र सिंह ने पशुपालकों को कृत्रिम गभार्धान, मुंह खुर व गला घोटू रोग से बचाव के लिए टीकाकरण, बेरोजगार युवाओं द्वारा पशुपालन को अपनाकर लाभकारी व्यवसाय स्थापित करने संबंधी जानकारी दी। इस मौके पर कमेटी सदस्य डॉ. हरदीप सिंह मोहनपुर, डॉ. आर्यन कराह साहब व वीएलडीएल वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# घायल युवक की पीजीआई में इलाज के दौरान मौत

- 19 अगस्त को गांव खजूरी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गया था मृतक युवक
- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

गांव खजूरी के पास करीब एक सप्ताह पहले अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हुए युवक की पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव बिरजामुन निवासी धर्मबीर ने जठलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 18 वर्षीय मोहन फैक्ट्री में काम करता था। 19 अगस्त को सुबह आठ बजे वह फैक्ट्री में काम पर जा रहा था। जब वह गांव खजूरी के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने मोहन को टक्कर मार दी थी। जिससे मोहन गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसने अपने भाई को यमुनानगर के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया था। जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया था। जहां पर देर शाम उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में एनएसएस के स्वयंसेवकों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

### एनएसएस के विद्यार्थियो को किया सम्मानित

**रादौर।** रादौर के मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में बुधवार को गत दिनों कस्बा में आयोजित हुई उपमंडलस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में परेड में भाग लेने वाले एनएसएस के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने की। एनएसएस अधिकारी प्रो. नवीन भारद्वाज व प्रो. पिंकी रानी ने बताया कि स्थानीय प्रशासन, रादौर के अधिकारी, ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर डॉ. रमेश कुमार, पवन कुमार, राकेश पांचाल व हरीश ने बच्चों को मेडल पहनाया एवं प्रशंस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बच्चों ने परेड अभ्यास के दौरान कड़ी धूप एवं बारिश में भी खूब पसीना बहाया।

### श्रीजयराम विद्यापीठ में श्रीगणेश महोत्सव शुरू

**कुरुक्षेत्र।** देश के विभिन्न राज्यों शिक्षा, स्वास्थ्य, गौ संरक्षण, योग, संस्कृत शिक्षा एवं आध्यात्म के लिए संचालित की जा रही श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्री जयराम विद्यापीठ में सर्व कल्याण एवं विश्व में धर्म की रक्षा की कामना के साथ श्री गणेश चतुर्थी पर विधिवत पूजन उपरांत श्री गणेश महोत्सव शुभारम्भ हुआ। इस मौके पर विद्यापीठ के ट्रस्टियों के साथ श्रद्धालु एवं ब्रह्मचारी भी शामिल हुए। भगवान श्री गणेश का पूजन करने के उपरांत भजनों का गुणगान किया गया एवं आरती की गई। श्री गणेश महोत्सव का पूजन करवा रहे श्री जयराम संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य प. प्रतीक शर्मा एवं प. पंकज पुजारी ने बताया कि भगवान श्री गणेश ने माता पिता शिव पार्वती की परिक्रमा कर ही पूरे विश्व की परिक्रमा का संदेश दिया।

## गणेश चतुर्थी पर जगह-जगह विराजे गणपति भगवान

# गणपति बप्पा मोरया...के जयघोष से गूंज उठा नगर

- श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना करवाकर स्थापित करवाई सिद्धिविनायक भगवान गणपति की मूर्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

भगवान श्री गणेश चतुर्थी पर बुधवार को जिले भर में श्रद्धालुओं ने गणपति भगवान की मूर्तियों को विधि विधान से स्थापित करवाया। भगवान गणपति की मूर्तियों की स्थापना करवाने में श्रद्धालुओं में काफी उत्साह दिखाई दिया।

श्रद्धालुओं ने गली मोहल्लों में मिलकर पूजा अर्चना कर भगवान गणपति के दरबार स्थापित किए। श्रद्धालुओं के मुताबिक अगले दस दिन तक गणपति भगवान के स्थापित किए गए दरबारों में पूजा अर्चना और भजन संर्कीतन के आयोजन किए जाएंगे।

बुधवार सुबह से ही जिले भर में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गणेश की मूर्तियां स्थापित करने को लेकर होड़ लगी थी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी हैसियत के मुताबिक बाजार से भगवान गणेश की मूर्तियां खरीदी। इसके बाद श्रद्धालु शोभा यात्रा निकालते हुए ढ़ोल की थाप पर थिरकते हुए भगवान गणेश की मूतियों को लेकर अपने स्थापना स्थल पर पहुंचे और पूरे विधिविधान से गणपति भगवान की मूर्तियों को स्थापित किया।



**यमुनानगर।** मॉडल टाउन स्थित न्यू पार्क ग्राउंड में पूजा अर्चना कर भगवान गणपति की स्थापना करते हुए श्रद्धालु ।

### गणपति भगवान का दस दिन तक होगा गुणगान

शहर के मॉडल टाऊन स्थित न्यू पार्क ग्राउंड में फ्रैंडस क्लब द्वारा भगवान गणपति का भव्य दरबार लगाया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में नगर निगम के पूर्व सीनियर उप मेयर पवन बिट्टू व उनकी धर्मपत्नी एवं पूर्व पार्षद भावना ने ज्योति प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना कर दरबार को स्थापित करवाया। पंडितों ने विधिविधान से पूजा पाठ करवाई। पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर पवन बिट्टू, वार्ड नंबर नौ की पार्षद भावना पवन बिट्टू, पूर्व पार्षद विनोद मरवा, मनीष मलिक, राजीव मेहता, विजय मेहता, कमल मलिक,अमर चौहान, दीपक गुलाटी, लवली मलिक, मोना मेहता, रेनू मेहता, मेघा गुलाटी, सुधा , कोमल कालड़ा, राशि अजमानी व भावना मलिक आदि ने भगवान गणपति के स्थापित किए दरबार में पूजा अर्चना, आरती व भजन संर्कीतन में भाग लिया। अगले दस दिन तक वह स्थापित किए गए भगवान गणपति भगवान के दरबार में बैठकर पूजा अर्चना और भजन संर्कीतन करेंगे।

### घरों में विराजे गणपति

जिले अधिकांश श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी भगवान श्री गणेश की स्थापना कर पूजा अर्चना की। श्रद्धालु सचिन राणा ने बताया कि अगले दस दिन तक भगवान गणेश की मूर्तियों के समक्ष बैठकर भजन कीर्तन व पूजा अर्चना कर उनका गुणगान करेंगे। मौके पर रोजाना प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# श्रीखाटू श्याम के जागरण का नगर खेड़ा को निमंत्रण



**यमुनानगर।** गांव-गांव नाचरौन में पवित्र निशान चढ़ाने पहुंचे ग्रामीण।

- श्री श्याम मित्र मंडल नाचरौन द्वारा 6 सितंबर को होगा श्री खाटू श्याम का जागरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

श्री श्याम मित्र मंडल नाचरौन की ओर से शनिवार 6 सितंबर को शाम 5 बजे श्री खाटू श्याम जी के दूसरे विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर श्री श्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने बुधवार को नगरखेडे पर निशान चढ़ाकर उनको प्रथम निमंत्रण दिया गया।

मित्र मंडल के प्रधान डॉ. लाभ सिंह नाचरौन ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी सदस्यों की डयूटियां लगाई जा रही हैं। जागरण में श्री खाटू श्याम जी की महिमा का गुणगान किया जायेगा। श्री खाटूश्याम जी को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी आस्था है। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने अपील की कि सभी अधिक से अधिक संख्या में जागरण व भंडारे में पहुंचकर श्री खाटू श्याम जी का आर्शीवाद प्राप्त करें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रंजीत राणा, धर्मबीर, विशाल, भूपेंद्र, बिट्टू, मुकेश, रणधीर, श्रीपाल, धर्मबीर, सतीश, विनोद, राहुल शर्मा, शिवकुमार, साहब सिंह व संदीप राणा आदि मौजूद रहे।

# खराब हुई फसलों का 5 सितंबर तक क्षतिपूर्ति पोर्टल पर करवा सकते हैं पंजीकरण : उपायुक्त

- खरीफ फसलों को हुए नुक्सान की भरपाई के लिए सरकार द्वारा खोला गया क्षतिपूर्ति पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा बारिश के जलभराव से खराब हुई फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया है।

इस पोर्टल पर किसान अपनी बारिश के जलभराव से नुक्सान हुई फसलों का 5 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उक्त जानकारी जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बुधवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।



उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मानसून सीजन के दौरान भारी वर्षा या जलभराव के कारण किसानों की खरीफ फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है। उन्होंने बताया कि जिला में बारिश और जलभराव की वजह से जिन गांवों में किसानों की फसल खराब हुई है। उन किसानों ने प्रशासन से क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की मांग की थी। किसानों को राहत देने के लिए सरकार द्वारा किसानों की फसलों में अधिक वर्षा या जलभराव से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल 5 सितम्बर तक खोल दिया गया है। भारी वर्षा या जलभराव के कारण तहसील छछरौली, व्यासपुर, जगाधरी व उप तहसील साढ़ौरा के विभिन्न गांवों के किसान क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल खराबे की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन 5 सितम्बर तक करवा सकते हैं।

### किसानों से आह्वान

उन्होंने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि जिन भी किसान की फसलों का नुकसान हुआ हैं वे जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। ताकि फसल में हुए नुकसान की समीक्षा कर उसके फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति की जा सके।

# विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

- ज्योतिबा फुले राजकीय कालेज रादौर में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस, रेडक्रास सेल व एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वावधान में नशामुक्त भारत व यौन उत्पीड़न पर एक व्याख्यान करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में एएसआई नीलम व इंस्पेक्टर रविंदर ने भाग लिया। जिन्होंने विद्यार्थियों को नशे के बारे में जागरूक किया।

मुख्य वक्ता इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को डायल 112 सेवा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 100 नंबर को क्यों हटाया गया और डायल 112 क्यों शुरू की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जिले में नशा तेजी से फैल रहा है और इसका सबसे बड़ा शिकार पढ़ने वाले विद्यार्थी हो रहे हैं। एएसआई नीलम ने यौन उत्पीड़न पर जागरूक करते हुए बताया कि उनके आसपास एरिया में ऐसी घटना घट रही है। जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता है। जैसे विद्यार्थी सोशल मीडिया पर अपनी फोटो अपलोड कर देते हैं और सामने वाला कोई भी अननोन पर्सन इसका फायदा उठाकर एआई से उसको एडिट करके किसी को भी ब्लैकमेल कर सकता है। इसलिए सोशल मीडिया का प्रयोग सोच समझकर सावधानीपूर्वक करना चाहिए।



**रादौर।** राजकीय ज्योतिबाफुले कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा आदि के दुष्प्रभाव से जागरूक करते हुए वक्ता।

# तेजाजी महाराज का बलिदान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

- तेजाजी एक राजस्थानी लोक देवता हैं : साहिल सिंह बाल्यान
- जाट छात्र संघ ने वीर तेजाजी महाराज को नमन किया

जाट छात्र संघ की ओर से रादौर में लोक देवता तेजाजी महाराज का 922वां बलिदान दिवस मनाया गया। छात्र संघ से जुडे युवाओं ने साहिल बालियान धौलरा के नेतृत्व मे वीर तेजाजी महाराज को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मुख्यातिथि साहिल सिंह बाल्यान ने बताया कि वीर तेजा या तेजाजी एक राजस्थानी लोक देवता हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात में देवता के रूप में उन्हें पूजा जाता है। राजस्थान का इतिहास बहुत सारी वीर गाथाओं और उदाहरणों से भरा पड़ा है। जहां लोगों ने अपने जीवन और परिवारों को जोखिम में डाल दिया है और निष्ठा, स्वतंत्रता, सच्चाई, आश्रय, सामाजिक सुधार आदि जैसे गौरव और मूल्यों को बरकरार रखा है। वीर तेजा राजस्थान के इतिहास में इन प्रसिद्ध लोगों में से एक थे। उन्होने बताया कि तेजाजी के भारत में अनेक मंदिर हैं। तेजाजी का मुख्य मंदिर करनाल में हैं। तेजाजी के मंदिर राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात तथा हरियाणा में हैं। तेजाजी राजा बाक्साजी के पुत्र थे। बचपन में ही उनके साहसिक कारनामों से लोग आश्चर्यचकित रह जाते थे। एक बार अपने नौकर के साथ तेजा अपनी बहन पेमल को लेने उसकी ससुराल गए। वहां पता चलता है कि मेणा नामक डाकू अपने साथियों के साथ वहां की सारी गायों को लूट ले गया। वीर तेजा अपने साथी के साथ जंगल में मेणा डाकू से गायों को छुड़ाने के लिए गए। रास्ते में एक बांबी के पास भाषक नामक सांप घोड़े के सामने आ जाता है और तेजा को डसना चाहता है। तब तेजा उसे वचन देते हैं कि अपनी बहन की गाएं छुड़ाने के बाद मैं वापस यहीं आऊंगा। तब मुझे डस लेना। अपने वचन का पालन करने के लिए डाकू से अपनी बहन की गाएं छुड़ाने के बाद लहूलुहान अवस्था में तेजा नाग के पास आते हैं। तेजा को घायल अवस्था में देखकर नाग कहता है कि तुम्हारा तो पूरा शरीर कटा पिटा है। मैं डंक कहां मारुं। तब वीर तेजा उसे अपनी जीभ पर काटने के लिए कहते हैं। वीर तेजा की वचनबद्धता को देखकर नाग उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहता है कि आज के दिन भाद्रपद शुक्ल दशमी से पृथ्वी पर कोई भी प्राणी जो सर्पदंश से पीड़ति होगा। उसे तुम्हारे नाम की ताती बांधने पर जहर का कोई असर नहीं होगा। उसके बाद नाग तेजाजी की जीभ पर दंश मारता है। तभी से भाद्रपद शुक्ल दशमी को तेजाजी के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

### नेशनल डी वार्मिंग डे के बारे में दी जानकारी



**रादौर।** राजकीय उच्च विद्यालय मंधार में नेशनल डी वार्मिंग डे के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य रोहित अरोड़ा ने की। प्रधानाचार्य रोहित अरोड़ा ने बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्तर पर इसका अवलोकन अनिवार्य किया है। इसमें एक से 19 वर्ष के सभी आयु वर्ग के बच्चों में एनीमिया में सुधार करना व आंतों के कीड़ों के उपचार करने के लिए एनडीडी विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान के रूप में उभरा है। यह अभियान वर्ष में दो बार चलाया जाता है।

# होली मदर स्कूल के खिलाड़ी बास्केटबॉल में प्रथम

- विजेता टीम का स्कूल में पहुंचने पर किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल की लड़कों की अंडर 19 वर्ग की बास्केटबॉल टीम ने हरियाणा स्कूल गेम्स 2025 के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर जगाधरी में आयोजित जिलास्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विजेता टीम के बुधवार को होली मदर पब्लिक स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्या मोनिका व स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया है। इस प्रतियोगिता में जिला के विभिन्न स्कूलों की दस टीमों ने भाग लिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि गत दिवस सरस्वती विद्या मंदिर जगाधरी में जिलास्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उनके स्कूल की बास्केटबॉल टीम ने भी भाग लिया। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल की टीम ने अपना शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए पहला मैच सरस्वती स्कूल के साथ खेला गया। जिसमें उनके स्कूल की टीम ने 16.6 से मैच जीत लिया। इसके बाद होली मदर पब्लिक स्कूल की बास्केटबॉल टीम का दूसरा मैच एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के साथ हुआ।

इसमें होली मदर पब्लिक स्कूल की टीम ने 25.10 की बढ़त हासिल कर मैच जीत लिया। फाइनल मैच में होली मदर पब्लिक स्कूल की टीम ने जानकी जी ग्लोबल स्कूल साढ़ौरी की टीम को 27.12 के शानदार अंतर से हराकर जिला चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया। प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि होली मदर पब्लिक स्कूल की बास्केटबॉल टीम के कप्तान लवदीप के कुशल नेतृत्व में टीम ने अपने रणनीति और तालमेल से मैदान पर दबदबा बनाए रखा। अन्य खिलाड़ियों में दानिश, निखिल, प्रणव, आकाश, अमरत, वंश, रमनदीप, अपार और विशाल ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस शानदार जीत के साथ ही लवदीप, निखिल, अपार और विशाल का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता सितंबर में भिवानी में आयोजित की जाएगी।



**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में विजेता बॉस्केटबाल टीम के खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्या व अन्य।

### कोच को बधाई

प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि हमारे विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी बराबर की रूचि रखते हैं और हर साल हरियाणा स्कूल गेम्स में अलग अलग खेलों में अपने कौशल का प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने स्कूल बास्केटबॉल के कोच नवीन राणा को इसकी बधाई दी। मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने इस उपलब्धि के लए टीम की सराहना की। उन्होंने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भी स्कूल के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जाने की उम्मीद जतायी।

## शिव मंदिर पाबनी में चार दिवसीय शिव कथा का आयोजन

# महिलाओं के आदर से ही तरक्की संभव : भारती

- कथाव्यास साध्वी गौरी भारती ने श्रद्धालुओं को माता सती के भस्मीभूत करने का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में शिव मंदिर पाबनी कलां में चल रही चार दिवसीय शिव कथा के दूसरे दिन कथाव्यास एवं साध्वी सुश्री गौरी भारती ने माता सती के यज्ञ में भस्मीभूत करने के प्रसंग से श्रद्धालुओं को विस्तार से अवगत करवाया।

मौके पर साध्वी बहनों ने अपने भजनों के माध्यम से भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया। कथाव्यास एवं साध्वी सुश्री गौरी भारती ने फरमाया कि एक बार माता सती ने अपने आपको यज्ञ में भस्मीभूत कर दिया। मगर इससे पहले उन्होंने भगवान शिव के चरणों में प्रार्थना करते हुए अगले जन्म में भी उन्हें ही पति रूप में प्राप्त होने की कामना की। इसके फलस्वरूप माता सती अगले जन्म में हिमालय राज व मैना के यहां पुत्री रूप में जन्म लेती हैं। उनके जन्म लेने पर सारा हिमालय नगर आनंद के सागर में डूब गया। साध्वी गौरी भारती ने बताया कि पुत्री के जन्म लेने पर उनकी माता पिता की प्रसन्नता की कोई सीमा ना रही। मगर आज के परिवेश में पुत्री को जन्म लेने से पहले ही मां के गर्भ में दफना दिया जाता है। वह कन्या जिसे भारत भूमि पर लक्ष्मी का रूप कहा जाता है और नवरात्रों में नन्ही नन्ही कन्याओं की पूजा होती है उसी भूमि पर आज नारी को जन्म लेने का भी अधिकार नहीं दिया जाता। वह देश विकास कैसे करेगा। स्वामी विवेकानंद जी कहते हैं कि मेरे देश में नारी प्रार्थना के योग्य है। क्योंकि प्रार्थना से विश्व की एक नई आत्मा जन्म होता है। यह आत्मा ही किसी राष्ट्र की सार्थक संपत्ति है। जो देश या राष्ट्र स्त्रियों का आदर नहीं करते वे कभी बड़े नहीं हो पाते हैं और न भविष्य में कभी बड़े होंगे। इसलिए अपनी धारणाओं का त्याग करो कि पुत्र ही कुल का तारक है। अपनी बेटी को बेटे के समान ही प्यार दें व संस्कार दें। क्योंकि संस्कारी संतान ही माता पिता का नाम रौशन कर सकती हैं। साध्वी ने फरमाया कि प्रभु की कथा ने कितने ही जीवों के जीवन को निर्मल किया है।



**यमुनानगर।** शिव मंदिर पाबनी कलां में आयोजित शिव कथा में कथा का वाचन करते हुए साध्वी भारती व श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

### शिव के संदेश धारण करें

यदि मानव भगवान शिव के चरित्र से प्राप्त शिक्षा व संदेश को जीवन में धारण कर ले तो निःसंदेह एक आदर्श मानव का निर्माण होगा। जब एक आदर्श मानव का निर्माण होगा तब एक आदर्श परिवार का गठन होगा। यदि एक आदर्श परिवार का गठन होगा तो एक आदर्श समाज, आदर्श राष्ट्र, एक आदर्श विश्व स्थापित होगा। मगर विडम्बना का विषय है कि आज कितनी ही प्रभु की गाथाएं गाई जा रही हैं। लेकिन समाज की दशा इतनी दयनीय है। मात्र केवल प्रभु की कथा को कह देना या सुन लेना ही पर्याप्त नहीं है। प्रभु के चरित्र से शिक्षा ग्रहण कर उसका जीवन में अनुसरण करना होगा।

### गोगा माढ़ी नाचरौन में दो दिवसीय मेला 31 से

**रादौर।** जाहरवीर गोगा माढ़ी नाचरौन में 31 अगस्त को दो दिवसीय मेले का शुभारंभ किया जाएगा। मेले का शुभारंभ ग्राम पंचायत की ओर से पूजा अर्चना करके व पवित्र छडी निशान चढ़ाकर किया जाएगा।

सरपंच प्रतिनिधि सचिन कुमार व सेवादार सुखपाल ने बताया कि मेले के दूसरे दिन एक सितंबर को रात 9 बजे जागरण आयोजित किया जाएगा। गांव नाचरौन में स्थित गोगा माडी को लेकर गांव व क्षेत्र के लोगों में भारी आस्था है। हर वर्ष गोगा माड़ी पर पंचायत की ओर से दो दिवसीय मेले का आयोजन करवाया जाता रहा है। मेले में श्रद्धालुओं के लिए दुकानें सजाई जाएंगी। वहीं ,पंचायत की ओर से दंगल का आयोजन भी करवाया जाएगा। जिसमें स्थानीय व अन्य दूर दराज से पहलवान पहुंचकर अपनी ताकत के जौहर दिखाएंगे। इस अवसर पर सुनील राणाए,पवन राणा, धर्म सिंह, राकेश राणा, धर्मबीर, राजु राणा व धर्मबीर राणा आदि मौजूद रहे।

# तीन नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ का केस दर्ज

- पुलिस ने चार आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर तीन नाबालिग लड़कियों के साथ युवकों द्वारा छेड़छाड़ किए जाने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने चार आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय लड़की ने बताया कि राहुल नाम का युवक उसका काफी दिनों से पीछा कर रहा है। आरोपी ने कई बार उसके साथ छेड़छाड़ की। आरोपी उस पर शादी करने का दबाव बना रहा है। उसके मना करने पर आरोपी उसे बदनाम करने की धमकी देता है। उधर, व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी ने अंकित व शुभम नाम के युवक पर पीछा करने का आरोप लगाया। किशोरी ने बताया कि वह सोमवार को व्यासपुर बस स्टैंड पर थी। तभी दोनों आरोपी वहां पर पहुंच गए और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगे। उसके विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौच किया। उसने आरोपियों के खिलाफ महिला पुलिस थाने में शिकायत दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गलत काम का दबाव

वहीं, साढौरा थाना क्षेत्र की 17 वर्षीय लड़की ने गफ्फार नाम के युवक पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी उस पर गलत काम करने का दबाव बना रहा है। विरोध करने पर आरोपी उससे अभद्रता करता है। आरोपी काफी दिनों से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## शहर में करीब आधा दर्जन स्थानों पर लगे पंडाल, निकाली आकर्षक झांकियां

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ घर घर विराजे गजानन, ढोल की थाप पर झूमें भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बुधवार को गणेश चतुर्थी पर गणपति बप्पा की धूम देखने को मिली। शुभ मुर्हूत में शहरवासी घरों और मोहल्लों के पांडालों में विराजित करने के लिए गणपति प्रतिमा ढोल की थाप पर ले जाते नजर आए। शहर के मंदिर में सुबह से दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार नजर आई। बुधवार को गणेश स्थापना के साथ ही 10 दिवसीय गणेश उत्सव की शुरूआत हो गई। इस दौरान शहर में सुबह से ही उत्सव का माहौल था। गली-गली में ढोल नगाड़ों और डीजे के साथ गणपति बप्पा मोरिया, मंगलमूर्ति मोरिया के जयघोष गूंज रहे थे। इधर, घरों में शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ विघ्नहर्ता भगवान गणेश की स्थापना हुई, वहीं शहर में करीब आधा दर्जन स्थानों पर बड़े पंडाल लगाकर आकर्षक झांकियां सजाकर गौरीनंदन की स्थापना की गई। विध्नहर्ता के घर आने पर भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। गणेश की प्रतिमाओं को उत्सव समितियों के सदस्य गाजे बाजे के साथ लेकर पहुंच रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रालियों में एक ओर सार्वजनिक स्थानों की बड़ी प्रतिमाएं थी, तो दूसरी ओर स्कूटर, बाइक, कार में श्रद्धालु छोटी प्रतिमाएं लेकर घर पहुंच रहे थे। शहर में यह नजारा हर ओर दिखाई दे रहा था और साथ में गणपति का जयघोष गूंज रहा था। गणेश उत्सव के चलते पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ था। पंडालो में जगह-जगह झिलमिल झांकियां सजाकर गणेशजी की स्थापना की गई है। सुबह से ही शहर में गणेशजी की स्थापना की तैयारियां शुरू हो गई थीं। झांकी स्थलों पर रौनक थी, वहीं घरों में भी लोग स्थापना की तैयारियों में जुटे हुए थे। शुभ मुहूर्त में विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणेश की स्थापना की गई, इसके बाद गुड़ के मोदक, लड्डुओं का भोग लगाकर आरती की गई। गणेश स्थापना का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।



### बिशनगढ़ कॉलोनी में गणेश उत्सव का शुभारंभ

कुरुक्षेत्र। गणेश चतुर्थी पर शिव क्लब की और से बिशनगढ़ कॉलोनी में 6 सितंबर तक चलने वाले भगवान श्री गणेश उत्सव का शुभारंभ हुआ। इस दौरान ढोल नगाड़ों व गणेश पूजन के साथ भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई। समाजसेवी चन्द्र अग्रवाल, राजिंदर स्नेही, पवन वर्मा, तरसेम गोयल, प्रवीन गुप्ता, राहुल गुप्ता, धर्मेन्द्र राठौड़, सुशील चांदना, विजय सिंगला, सतविंदर गोहत्रा, सतपाल सत्ता व संजीव चौधरी ने कार्यक्रम में शिरकत की। यहां पहुंचने पर आयोजक अजय चौहान, आदित्य चौहान व तरुण अरोड़ा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मुख्यातिथि चंद्र अग्रवाल ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने जिस उत्साह और आस्था के साथ भगवान श्री गणेश जी को घर लाने का कार्य किया है, वह काबिल-ए-तारीफ है। बच्चों की नन्हीं-नन्हीं टोलियों ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए पूरे उत्सव को और भी जीवंत बना दिया।

### रिद्धि-सिद्धि विनायक मंडल के पंडाल में विराजे गणपति



कुरुक्षेत्र। मुख्यातिथि भाजपा युवा मोर्चा के जिला प्रधान साहिल सुधा को स्मृति चिह्न भेंट करते मंडल के पदाधिकारी।

रिद्धि-सिद्धि विनायक मंडल द्वारा गोशाला बाजार में 9वां गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया। गणेश चतुर्थी पर मंडल की और से गोशाला बाजार में 6 सितंबर तक चलने वाले भगवान श्रीगणेश उत्सव का शुभारंभ हुआ। इस दौरान ढोल नगाड़ों व गणेश पूजन के साथ भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि भाजपा युवा मोर्चा के जिला प्रधान साहिल सुधा मौजूद रहे। रिद्धि-सिद्धि विनायक मंडल के पदाधिकारी पार्षद सुधीर चुघ ने बताया कि रिद्धि-सिद्धि विनायक मंडल द्वारा हर वर्ष गौशाला बाजार में श्रीणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर दीपक नैय्यर, बंटी अरोड़ा, विनोद सहगल, रणजीत सिंह, विशाल कक्कड़, ओम प्रकाश सेठी, अशोक मुल्तानी, प्रेम डुडेजा, गुलशन छाबड़ा, ओम प्रकाश वधवा, विकास गांधी, विनोद गांधी, कन्हैया भाटिया, रितेश धीमान, संजय भाटिया, संजय शर्मा, सुधीर सहगल, कृष्ण आहुजा, संजय वर्मा, अखिल वर्मा, महेश अरोड़ा, रोहित अरोड़ा, हरीश धवन, कीर्ति धवन, माहित अरोड़ा, अंशुल धवन, जितेश वधवा, वीरेंद्र सचदेवा, बोबी सचदेवा, वेद धवन, राजीव चुघ, अरुण चुघ व दीपक चोपड़ा मौजूद रहे।

## योग प्रतियोगिता में विजडम वर्ल्ड स्कूल की छात्राओं ने मारी बाजी

**अब प्रदेश स्तर पर करेंगी प्रतिभा का प्रदर्शन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

स्कूल गेम्स 2025 की जिला स्तरीय अंडर 19 छात्राओं की अत्यंत रोमांचक योग प्रतियोगिता का आयोजन गुरुकुल, कुरुक्षेत्र में हुआ। प्रतियोगिता में विजडम वर्ल्ड स्कूल कुरुक्षेत्र की मेधावी और प्रतिभाशाली छात्राओं ने प्रिंसिपल संगीता बहल और योगा कोच गीता मिगलानी के सक्षम मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया। प्रिंसिपल संगीता बहल ने अद्वितीय प्रदर्शन करने पर छात्राओं तथा उनकी योगा कोच गीता मिगलानी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के रिदमिक पेयर श्रेणी में गौरवपूर्ण प्रथम स्थान प्राप्त कर वंशिका जांगड़ा (कक्षा 9) और खुशी (कक्षा 10) की जोड़ी ने अपनी अद्भुत समन्वय और लय से सबको मंत्रमुग्ध किया। इसी तरह पारंपरिक योग श्रेणी में खुशी (कक्षा 10) ने अपनी असाधारण योग क्षमता का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि आर्टिस्टिक सिंगल श्रेणी में भी विजडम की ही छात्राओं कृति कुमार (कक्षा 8) ने प्रथम तथा खुशी (कक्षा 10) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी कला और कौशल का अद्भुत मिश्रण दिखाया।

### निशांत ने शूटिंग में पाया प्रथम स्थान



कुरुक्षेत्र। पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा निशांत ने शूटिंग में डिस्ट्रिक्ट लेवल पर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। निशांत की इस उपलब्धि के पीछे उनकी मेहनत और लगन का महत्वपूर्ण योगदान है। वह नियमित रूप से शूटिंग की रिहर्सल करती है और अपनी तकनीक में सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत करती है। पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल स्कूल की प्रिंसिपल शशि पंवार ने निशांत को बधाई देते हुए कहा कि निशांत की उपलब्धि पर हमें बहुत गर्व है।

## खबर संक्षेप



### विद्यालय में सहज योग कार्यक्रम का आयोजन

कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर-3 विद्यालय में सहज योग संस्थान द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों को ध्यान योग के महत्व और उसके व्यावहारिक अभ्यास की जानकारी दी गई। मुख्य रूप से संजय, सुधीर, मीनाक्षी, महेंद्र एवं रमेश ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि ध्यान योग से न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच भी विकसित होती है।

### कृष्ण चौहान प्रधान और दिनेश कौशिक बने सचिव

कुरुक्षेत्र। बिजली कार्यालय विद्युत सदन सैक्टर-8 कुरुक्षेत्र में एचएसईबी वर्कर्स यूनियन का त्रिवार्षिक चुनाव करवाया गया। इसमें कुरुक्षेत्र यूनिट के अन्तर्गत आने वाली आठ सब यूनिटों के पदाधिकारियों के साथ-साथ बिजली विभाग में कार्यरत तमाम कर्मचारियों ने भाग लिया। कृष्ण चौहान को प्रधान, कीर्ति खोसला को वरिष्ठ उपप्रधान, सेवा दास को उपप्रधान, दिनेश कौशिक को सचिव, विकास पाल को सह सचिव, सुरेन्द्र वर्मा को लेखाकार, सुरेंद्र वर्मा को कैशियर चुना गया।

## छात्रों ने रंग-बिरंगे पोस्टरों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

■ महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर में रोप-इन सेशन का तीसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर, बहलोलपुर में आयोजित रोप-इन सेशन के तीसरे दिन का कार्यक्रम रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति का उत्सव बन गया। छात्रों को इस दिन प्रोत्साहित किया गया कि वे ठहरकर सोचें और अपनी कल्पनाओं के माध्यम से व्यक्त करें कि उनके लिए /"स्किलिंग/" का वास्तविक अर्थ क्या है। इस अनूठी गतिविधि में छात्रों ने रंग-बिरंगे पोस्टरों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किसी ने भविष्य की तकनीक और रोबोट को चित्रित किया, तो किसी ने पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग पर संदेश दिया। वहीं कुछ छात्रों ने आध्यात्मिक दृष्टिकोण से गणपति बप्पा जैसे चित्रों के



माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। हर एक पोस्टर ने यह दशार्या कि विद्यार्थी न केवल तकनीकी दृष्टि से कुशल हो रहे हैं बल्कि दुनिया के प्रति सजग और संवेदनशील भी हैं। कार्यक्रम के दौरान नवीन जिन्दल फाउंडेशन की कृष्मन सिंह सैनी ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनकी सोच को सकारात्मक दिशा देने में अहम भूमिका निभाती हैं।



### नेशनल लोक अदालत को लेकर की बैठक

कुरुक्षेत्र। जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज द्वारा 13 सितंबर को होने वाली नैशनल लोक अदालत को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसके तहत सीजेएम द्वारा सभी को नैशनल लोक अदालत संबधी दिशा निर्देश दिए और ज्यादा से ज्यादा केस लोक अदालत के माध्यम से सुलझाने को कहा। इस मीटिंग में एसएचओ ट्रैफिक, रिवेन्यु विभाग, एलडीएम, नगर पालिका, पैनल अधिवक्ता इन्सोरैन्स कंपनी एवं बिजली निगम के अधिकारियों ने भाग लिया।

*सीबीएसई बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया*

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छाए खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद, पंचकूला के तत्वावधान में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (ग्रुप ए) का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला कुरुक्षेत्र के सीबीएसई बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि प्रतियोगिता की शुरूआत लिखित परीक्षा से की गई, जिसमें से सात टीमों का चयन किया गया। इसके बाद क्विज राउंड आयोजित किए गए, जिनमें से सर्वश्रेष्ठ पाँच टीमों का चयन हुआ जिसमें अग्रसेन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र, पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र, गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र, महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र तथा सैनी पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद



कौशिक ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच को विकसित करती हैं और उन्हें आत्मविश्वास से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।इस अवसर पर डॉ. तरसेम कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक चिंतन का विकास करना है। डॉ तरसेम ने बताया कि सभी चयनित पांच टीमें जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगी।



कुरुक्षेत्र। राधा अष्टमी शोभा यात्रा की तैयारियों को लेकर श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार के सदस्य बैठक में हिस्सा लेते हुए।

### 30 को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के सानिध्य में निकाली जाएगी राधा अष्टमी शोभा यात्रा

कुरुक्षेत्र। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के सानिध्य में राधा अष्टमी की पूर्व संध्या के अवसर पर 30 अगस्त को आयोजित शोभा यात्रा की तैयारियों को लेकर श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की बैठक गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित हुई। राधा अष्टमी पर्व के संयोजक हंसराज सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सदस्यों की डयूटियां लगाई गई और शोभा यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में संस्थानम के प्रबंधक राजेन्द्र चौपड़ा, जीओ गीता के जिला प्रधान मंगत राम जिंदल, विजय नरूला, केशव, विजय बवेजा, गीता ज्ञान संस्थानम के मीडिया प्रभारी रामपाल शर्मा, अशोक अरोड़ा, मनीष सिंधवानी, पवन भारद्वाज, धर्मपाल शर्मा, पवन गुम्बर, रविन्द्र सहित अनेक सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक में राधा अष्टद्दमी पर्व तथा शोभा यात्रा के लिए कार्यकतार्ओं की डयूटियां लगाई गई।

*किसानों के समक्ष आने वाली समस्याओं पर किया विचार*

## भारतीय किसान यूनियन की किसान पंचायत आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

धान खरीद के सीजन में किसानों के समक्ष आने वाली समस्याओं पर विचार विमर्श करने और किसानों की आवाज बुलंद करने के लिए भारतीय किसान यूनियन की किसान पंचायत 28 अगस्त वीरवार पिहोवा अनाजमंडी में सुबह 10 बजे होगी। सुबह 10 बजे हजारों की संख्या में किस अनाज मंडी में पहुंचेंगे। किसान पंचायत का नेतृत्व कर रहे यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने बताया कि किसान पंचायत में पिहोवा हल्के से हजारों किसान शामिल होंगें। उन्होंने कहा कि सरकार की कृषि विरोधी नीतियों



और कारपोरेट सेक्टर के कृषि में दखल से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। धान की फसल पकने पर उसमें नमी का हवाला देकर कट लगाया जाता है। जिससे किसानों को भारी नुकसान होता है। इसके अलावा फिजी वायरस के कारण हुए किसानों के नुकसान की भरपाई, जल भराव से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा बीमा कंपनी और सरकार से दिलवाने, यूरिया खाद की सीजन में होने वाली शॉर्टेज और कालाबाजारी, एमएसपी पर खरीद सहित कई ऐसे मुद्दे होंगे। जिन्हें किसान पंचायत के जरिए सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में सुबह 10 बजे किसान पंचायत का समय रखा गया है। इसमें विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी पहुंचेंगे।

## पहले सप्ताह में खाली प्लाट व चौक चौराहों से हटाई जाएगी गंदगी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि स्वच्छ कुरुक्षेत्र अभियान के पहले सप्ताह में शहर के खाली प्लाटों से गंदगी हटाई जाएगी। साथ ही गीता द्वारा और केडीबी द्वारा सहित अन्य चौक-चौराहों से गंदगी हटाई जाएगी। इन स्थानों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई कर उस क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में 11 सप्ताह तक स्वच्छ अभियान चलाया गया है। इसी दौरान धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पहचान ब्रह्मसरोवर के पास नगर परिषद के कचरा सिफ्टिंग प्वाइंट को भी शहर से बाहर शिफ्ट किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सभी पत्रकारों को स्वच्छ कुरुक्षेत्र अभियान में सहयोग देने के लिए शपथ भी दिलवाई। उपायुक्त ने पत्रकारों से शहर की समस्याओं और सुझावों को जाना। साथ उन्हें विश्वास दिलवाया कि शहर की समस्याओं को खत्म करने के लिए धरातल पर काम किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान एसडीएम पिहोवा अभिनव सिवाच, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।



लाडवा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता को पुष्प गुच्छ देते कालेज स्टाफ।

### स्वयंसेवकों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

लाडवा। लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) शाखा द्वारा नए बने स्वयंसेवकों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन कालेज में एन.एस.एस. की गतिविधियों की शुरूआत के तौर पर विशेष महत्व रखता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्य प्रो. डा.कुशल पाल ने की, जबकि नव-नियुक्त एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा सुमन सिवाच की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही। प्राचार्य डा. कुशल पाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए एन.एस.एस. की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और इसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एन.एस.एस. की स्थापना 24 सितंबर 1969 को महात्मा गांधी की जन्मशताब्दी के अवसर पर की गई थी, जिसका उद्देश्य युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भाव और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में अनुशासन, समर्पण, संयम, ईमानदारी, और सामाजिक सहभागिता जैसे गुणों का विकास होता है।

**चुनाव** | चुनाव में उतरे प्रत्याशियों ने प्रचार किया तेज

*चुनाव में दो पैनल उतरे जिनमें एक तरफ एडवोकेट सचिन तो दूसरी तरफ सुनीत दत्त है*

## सेक्टर 5 के आरडब्ल्यूए का चुनाव 31 को, प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेक्टर 5 के रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का मतदान 31 अगस्त को होगा। चुनाव में दो पैनल उतरे है जिनमें एक तरफ एडवोकेट सचिन गुप्ता तो दूसरी तरफ सुनीत दत्त शर्मा है। मतदान की तिथि नजदीक आते ही चुनाव की सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं। चुनाव में उतरे प्रत्याशी वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए डोर टू डोर जाकर अपील कर रहे हैं। चुनाव में दो गुटों ने अपनी दावेदारी जताई है। एक गुट सचिन गुप्ता लाडवा जो पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के वरिष्ठ




कुरुक्षेत्र। वोट की अपील करते प्रधान पद प्रत्याशी सचिन गुप्ता एडवोकेट पैनल।

अधिवक्ता होने के साथ साथ सेक्टर पांच अग्रवाल सभा के प्रधान है। जबकि दूसरा गुट सुनील दत्त शर्मा का है। दोनों गुटों के प्रत्याशियों ने सेक्टर में चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। सेक्टर 5 के रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में उतरे सचिन गुप्ता एडवोकेट के पैनल ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया।

### सभी सेक्टरवासी उनका परिवार : सचिन गुप्ता

प्रधान पद प्रत्याशी सचिन गुप्ता ने बताया कि उनके पैनल का चुनाव चिन्ह उगता सूरज है। सचिन गुप्ता ने सेक्टर 5 के निवासियों से चुनाव चिह्न उगता सूरज पर वोट देने की अपील की। सचिन गुप्ता ने कहा कि यदि सेक्टरवासियों ने उन्हें सेक्टर 5 की सेवा का मौका दिया तो वे सेक्टर के विकास में कोई कसर नही छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टरवासी उनका परिवार है। सेक्टरवासियों को किसी भी तरह की परेशानी आएगी तो वे उसका प्रमुखता से हल करवाएंगे। उनका चुनाव में मुख्य मुद्दा सेक्टर की सभी समस्याओं को हल करवाना, सेक्टर में सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करवाना, पार्कों का रखरखाव ठीक ढंग से करवाना, सड़कों की हालत को ठीक करवाना, सेक्टर में बिजली व्यवस्था के अलावा पीने के पानी की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाना होगा। इसके अलावा सेक्टर में घूम रहे गौवंश और कुत्तों पर अंकुश लगाना होगा। उन्होंने बताया कि सेक्टर में और भी अनेक समस्याएं हैं, जिनका निवारण करना जरूरी है।

### डोर टू डोर जाकर वोट देने की अपील

प्रधान पद के लिए सचिन गुप्ता, उप प्रधान के लिए डा. आर के नैन, महासचिव के पद पर रमेश चंद, कोषाध्यक्ष के पद पर सुरेंद्र पाल सिंह अरोड़ा व सह सचिव के पद पर चुनाव लड़ रही मीना शर्मा ने सेक्टर के डोर टू डोर जाकर अपने पक्ष में वोट की अपील की। दूसरी ओर सुनील दत्त शर्मा के पैनल ने भी वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए अभियान तेज कर दिया है। उनके पैनल के उम्मीदवार सेक्टर में डोर टू डोर जाकर प्रचार में जुटे हुए हैं।

**खबर संक्षेप**

### सिलेंडर चोरी मामले में तीन आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सिलेंडर चोरी के मामलों में पुलिस ने आरोपी शुभम को गिरफ्तार किया है। थाना मुलाना में दर्ज सिलेंडर चोरी के अन्य दो मामलों में भी पुलिस ने आरोपी निकित कुमार उर्फ प्रिंस व अमन कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरीशुदा सिलेंडर भी बरामद किए गए हैं।

### चोरी की मोटरसाइकिल रखने वाला पकड़ा

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी की मोटरसाइकिल रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी कमलप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। सीआईए-नारायणगढ़ को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी कमलप्रीत सिंह चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में घूम रहा है। गांव गदौली मोड़ के पास नाकाबंदी कर पुलिस ने आरोपी को काबू किया। जांच के दौरान आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल के कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इसी आधार पर उसे काबू किया गया।

### उद्यमिता पखवाड़ा महोत्सव पर कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संसथान (आई टी आई) कुरुक्षेत्र में विश्व उद्यमिता दिवस 2025 के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र/छात्रांओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर, 25 अगस्त 2025 से 27 अगस्त 2025 तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन जी के सानिध्य में करमचंद प्रभारी वर्ग अनुदेशक की अध्यक्षता में किया गया।

### वित्तीय समावेशन कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, शाखा बारना द्वार गांव बारना में वित्तीय समावेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में बैंक की ओर से ग्रामीणों को विभिन्न वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा ऋण से संबंधित जानकारियां दी गईं। ग्रामीणों ने कार्यक्रम के दौरान सक्रिय भागीदारी करते हुए योजनाओं में पंजीकरण करवाया और बैंक द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने में गहरी रुचि दिखाई।

### नशे की लत छुड़वाने को करने होंगे प्रयास

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में भारतीय रैड क्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा आयोजित किये जा रहे सात दिवसीय अंतराज्यीय यूथ रैडक्रास प्रशिक्षण रैडक्रास ध्वजारोहण के साथ हुई। जिसमें भारतवर्ष के 16 राज्यों के 221 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कला कीर्ति भवन के भरत मुनि सभागार में भारत के विभिन्न राज्यों से आए युवा प्रतिभागियों को नशे से बचाव हेतु एक नाट्य कला रंगमंच का आयोजन किया गया जिसमें बड़े सुंदर तरीके से राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के माध्यम से प्रतिभागियों के समक्ष रंगमंच पर भव्य प्रस्तुतियां दी।

## पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर बैलेट पेपर से हुई वोटिंग

# जिप चेयरमैन लाड़ी की कुर्सी गई, 10 सदस्यों ने खिलाफ किया मतदान, पक्ष में पांच ही वोट

- पहले डीसी ने हाथ खड़े कर पारित कर दिया था अविश्वास प्रस्ताव
- भाजपा छोड़ने की लाड़ी को चुकानी पड़ी कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** यह फोटो तब की है जब जिला परिषद के चेयरमैन राजेश कुमार लाड़ी पूरे काफिले के साथ कांग्रेस ज्वाइन करने के लिए निकले थे। फाइल फोटो

जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी की कुर्सी चली गई। बेल्ट पेपर से हुई वोटिंग के दौरान कुल 15 सदस्यों में से 10 सदस्यों ने लाड़ी के खिलाफ मतदान किया। जबकि पांच सदस्यों ने उनके पक्ष में वोटिंग की।वोटिंग के बाद रिजल्ट आते ही डीसी अजय सिंह तोमर ने जिप चेयरमैन राजेश कुमार लाड़ी के खिलाफ सदन में आया अविश्वास प्रस्ताव पारित होने का ऐलान कर दिया। लाड़ी करीब तीन साल तक इस कुर्सी पर रहे।

विधानसभा चुनाव के दौरान लाड़ी को भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जाने की कीमत चुकानी पड़ी। अब नए सिरे से जिला परिष्द चेयरमैन के लिए लॉबिंग होगी।

### हाईकोर्ट ने लगाई थी रोक

दिसंबर 2022 में हुए जिला परिषद चुनाव में जीत के बाद भाजपा ने राजेश कुमार चेयरमैन बने थे। हालांकि 2024 में राज्य विधानसभा के चुनाव के दौरान राजेश कुमार लाड़ी पलटी मार गए। भाजपा की सरकार जाते देखकर लाड़ी ने तब कांग्रेस का दामन थाम लिया था। मगर चुनाव में जीत के साथ भाजपा फिर सत्ता में आ गई। इसके बाद जिला परिषद के 15 में 11 सदस्य लाड़ी के खिलाफ हो गए। विकास कार्यों में भेदभाव समेत कई आरोपों को लेकर इन सदस्यों ने तत्कालीन डीसी को शपथपत्र देकर चेयरमैन के खिलाफ सदन में अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग रखी। 13 नवंबर 2024 को लाड़ी के खिलाफ सदन में आए अविश्वास प्रस्ताव पर सभी 15 सदस्यों की मीटिंग बुलाई गई थी। तब सदन में 11 सदस्यों ने हाथ खड़े कर चेयरमैन राजेश कुमार लाड़ी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित किया था। हालांकि तब वाइस चेयरमैन बसपा करनैल सिंह नगला की कुर्सी एक वोट की वजह से बच गई थी। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद डीसी ने चेयरमैन की कुर्सी खाली होने का ऐलान किया था। मगर राजेश कुमार लाड़ी ने इस मामले को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती देकर अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया को असंवैधानिक बताकर कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने लाड़ी की दलीलों पर सहमति जताने के बाद अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया को खारिज कर तुरंत कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। इस आदेश की वजह से तब लाड़ी की कुर्सी बच गई थी।

### बैलेट पेपर से वोटिंग के आदेश

*कुछ रोज पहले ही पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने चेयरमैन राजेश कुमार के खिलाफ सदन में आए अविश्वास प्रस्ताव पर बेल्ट पेपर के जरिए गोपनीय वोटिंग करवाने के आदेश दिए थे। इन आदेशों के बाद बुधवार को यहां सदन की मीटिंग के दौरान बेल्ट पेपर से वोटिंग हुई थी। 15 में से 10 सदस्यों ने लाड़ी के खिलाफ मतदान किया। जबकि पांच सदस्यों ने उनके पक्ष में मतदान किया। रिजल्ट घोषित होते ही डीसी ने चेयरमैन राजेश लाड़ी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने का ऐलान किया। करीब तीन साल तक लाड़ी जिला परिषद के चेयरमैन रहे।*

### इन सदस्यों ने किया मतदान

*जिला परिषद के चेयरमैन रहे राजेश लाडी के खिलाफ सदन में आए अविश्वास प्रस्ताव के दौरान सभी 15 सदस्यों ने अपने मत का इस्तेमाल किया। इनमें वार्ड नंबर एक से खुद राजेश कुमार, वार्ड नंबर 2 से मंजीत कौर, वार्ड नंबर 3 से पंकज सैनी, वार्ड नंबर 4 से राजेश देवी, वार्ड नंबर 5 से रजत सिंह, वार्ड नंबर 6 से हरविंद्र कौर, वार्ड नंबर 7 से मुकेश कुमार, वार्ड नंबर 8 से अंकिता, वार्ड नंबर 9 से मक्खन सिंह लबाना, वार्ड नंबर 10 से साक्षी गौड़, वार्ड नंबर 11 से करनैल सिंह, वार्ड नंबर 12 से गुरजीत, वार्ड नंबर 13 से पिंकी देवी, वार्ड नंबर 14 से सुखविंद्र सिंह व वार्ड नंबर 15 से दीपिका ने मतदान किया।*



मुलाना। कार्यक्रम में मौजूद जैन साध्वियां।

## क्षमा ही सच्चा धर्म, याचना करने से अहंकार का होता है नाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

यहां स्थित एसएस जैन स्थानक में पावन चातुर्मास के अवसर पर विराजमान साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के सान्निध्य में जैन धर्म का महापर्व पर्यूषण बड़े ही हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जैन समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पर्व की गरिमा में सहभागी बने।

कार्यक्रम के दौरान साध्वी रत्ना सुवृद्धि ने पर्यूषण पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व आत्मशुद्धि, आत्मावलोकन और क्षमापना का पर्व है। जैन धर्म में इसे वर्ष का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। साध्वी सात्विक ने प्रवचन देते हुए कहा कि क्षमा ही सच्चा धर्म है और क्षमा याचना करने से मनुष्य के भीतर से अहंकार, क्रोध और द्वेष का नाश होता है। इस अवसर पर महिला मंडल ने साध्वी चंदनबाला के जीवन पर एक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसमें त्याग, संयम और समर्पण की भावनाओं को मार्मिक तरीके से प्रस्तुत किया गया। यह प्रस्तुति उपस्थित श्रद्धालुओं को गहराई से छू गई और सबने इसे धर्म और जीवन की सच्चाईयों से जुड़ा एक प्रेरणादायक संदेश माना। कार्यक्रम के अंत में जैन समाज के लोगों ने आपस में एक-दूसरे से क्षमा मांगकर "मिच्छामी दुक्कड़म" की परंपरा का पालन किया और सामूहिक प्रार्थना की। मौके पर समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे जिनमें अशोक जैन (प्रधान), श्रीपाल जैन (प्रवक्ता), राममूर्ति जैन, उमेश गोयल, रामकुमार जैन, टींका गोयल, अभय जैन, नवीन जैन, प्रवीण अग्रवाल, दर्शन अरोड़ा, केवल अरोड़ा, अरुण जैन, केशव जैन, पर्व जैन और विवान जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## हिंदी पखवाड़े पर प्रतियोगिताएं आयोजित

# कविता पाठ स्पर्धा में नैंसी ने मारी बाजी

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कड़ासन में कार्यक्रम
- रितिका राजकीय प्राथमिक पाठशाला प्रैल प्रथम रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कड़ासन में सीआरसी स्तर पर हिंदी पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय प्रभारी कृष्णा कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से प्राध्यपाक सुरेश कुमार शर्मा तथा हिंदी अध्यापिक ममता रानी द्वारा आयोजित किया गया। कविता पाठ में ग्रुप 3 कक्षा 9 से 12 तक नैंनी प्रथम, कक्षा 6 से 8 जसनीत प्रथम व कक्षा 4 से 5 जतिन प्रथम रहे। नारा लेखन में कक्षा 9 से 12 मानव प्रथम व व्याकरण प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 में गरिमा प्रथम व कक्षा 6 से 8 तक में मीनाक्षी प्रथम रही। कक्षा 4 से 5 में रितिका राजकीय प्राथमिक पाठशाला प्रैल प्रथम रही। निर्णायक मंडल की भूमिका संदीप कुमार व बीना रानी, राजेश कुमार तथा धर्मपाल, किरण व दीपाशिखा व प्रीतपाल कौर ने निभाई।

## नगर पालिका ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय में विशेष अभियान चलाया

# स्वच्छता के लिए कबाड़ियों को नोटिस, गंदगी फैलाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़




**नारायणगढ़।** स्वच्छता का संदेश देते हुए नगरपालिका कर्मचारी।

स्वच्छ हरियाणा मिशन - हर गली, हर मोहल्ला, स्वच्छ हरियाणा की पहचान के तहत नगर पालिका ने शहर में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में, नगर पालिका ने उन दुकानदारों को नोटिस जारी किए हैं जो अपनी दुकानों के बाहर कबाड़ समान और अनुपयोगी सामान जमा करते हैं। इन्हें सख्त निर्देश दिए हैं कि वे सभी तरह के कबाड़ सामान एवं अनुपयोगी सामान को अपनी दुकान परिसर के भीतर ही रखें। दुकान के बाहर सार्वजनिक स्थान पर गंदगी न फैलाएं। नगर पालिका के सचिव मोहित कुमार ने बताया कि यह कदम शहर को स्वच्छ रखने और आम जनता को होने वाली असुविधा को दूर करने के उद्देश्य से उठाया गया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि कबाड़ी दुकानदार इन निर्देशों का पालन नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, नगर पालिका ने शहर को स्वच्छ बनाने के लिए एक विशेष सफाई अभियान भी शुरू किया है। इस अभियान के तहत, सफाई कर्मचारियों की मदद से विभिन्न वार्डों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई की जा रही है। इसका उद्देश्य शहर के हर कोने को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। स्वच्छ हरियाणा मिशन के अंतर्गत नगर पालिका ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय, में एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में स्कूली छात्राओं को स्वच्छता का महत्व समझाया गया और उन्हें अपने घर, स्कूल और आस-पड़ोस को साफ रखने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के बारे में भी जानकारी दी गई।

# 'इक दिन बिक जाएगा माटी के मोल'...

- महान पार्श्वगायक मुकेश को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** मुख्यअतिथि का अभिनंदन करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

म्यूजिकल संस्था याका म्यूजिक क्लब द्वारा अंबाला क्लब में /"इक प्यार का नगमा है/" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इवेंट मैनेजर यमन परुथी ने बताया कि देश के महान पार्श्व गायक मुकेश के स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर करवाए गए इस आयोजन में 16 गायकों ने उन्हीं के गाए गीत सुनाकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में गुदगुदी जंक्शन समूह कुरूक्षेत्र के अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात सरस्वती वंदना हुई। याका म्यूजिक क्लब के शो डायरेक्टर इंद्र परुथी ने मुख्यातिथि और साथ में आए गुदगुदी जंक्शन के पदाधिकारियों राजेंद्र कौशिक,डॉ.संजय गौतम,राकेश आहूजा,असीम राष्ट्रवादी,राज अरोड़ा,देवीराम शर्मा और मंदीप शर्मा का स्वागत किया। संगीत की दुनिया में पार्श्वगायक मुकेश के योगदान बारे मुख्यातिथि गौड़ ने कहा कि महान गायक मुकेश चंद माथुर अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज़ के लिए प्रसिद्ध हैं जिन्हें राज कपूर की आवाज़ भी कहा जाता था। उनके गाए गीत आज भी बहुत प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति देते हुए इंद्र परुथी और अमीषा ने टाइटल सांग इक प्यार का नगमा है। उमेश कौशल ने इक दिन बिक जाएगा माटी के मोल...,सुरेंद्र धीमान ने "जीना यहां मरना यहां इसके सिवा जाना कहां/"...,चंडीगढ़ से दयाल कृष्ण ने /"सुहाना सफर और ये मौसम हंसी/"..., रुड़की के वीरेंद्र भटेजा ने /"दीवानों से ये मत पूछो..., अरविंद सीकरी ने /"मैंने तेरे लिए ही सात रंग के सपने चुने..,विजय थापर ने कहीं दूर जब दिन ढल जाए...,राजेश आहलूवालिया ने /"कभी कभी मेरे दिल में ख्याल आता है...अनु बजाज ने डम डम डिगा डिगा/"...,रजनीश शर्मा ने /"चांद सी महबूबा हो मेरी कब/ और प्रदीप चोपड़ा ने कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे..आदि दिलकश गाने सुनाकर समां बांधा। मनीष मल्होत्रा,लक्की,विकास जॉली और विशाल जॉली ने भी गीतों की अच्छी प्रस्तुति दी। मौके पर अरुण थापर, देवेंद्र कपूर, केपी सिंह, विनोद कालड़ा, नीरज कक्कड़, विक्रमजीत, पूजा आहूजा, नीलिमा और ममता शर्मा भी मौजूद रही।

# प्रदर्शन में हिस्सेदारी करेंगे ग्रामीण चौकीदार प्रदेश सरकार पर मांगों के लिए बनाएंगे दबाव

- सभा में गरजे चौकीदार, राज्य सरकार पर उनकी मांगों पर विचार न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की बैठक प्रधान बाबू राम की अध्यक्षता में श्री रविदास मंदिर में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि 18 सितंबर को पंचायत मंत्री के मतलौडा में होने वाले राज्य स्तरीय प्रदर्शन में चौकीदार बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। प्रधान बाबू राम ने कहा कि ग्रामीण चौकीदारो की सेवाएं चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियमित करने व तब तक न्यूनतम वेतन 30 हज़ार लागू करने की मांग सरकार से लंबे समय से कर रहे है। मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री को बातचीत के माध्यम से मांगों का समाधान करने के लिए ज्ञापन भी दिए गए हैं परंतु सरकार ने अभी तक यूनियन से कोई बैठक तक नहीं की है। मजदूर संगठन सीटू के सचिव सतीश सेठी ने कहा कि सरकार ने पिछले दस सालों से न्यूनतम वेतन रिवाइज को नहीं किया है।

क़ानून मुताबिक न्यूनतम वेतन हर पांच साल बाद रिवाइज होना चाहिए। परन्तु सरकार ने 2020 साल में होने वाले रिवीजन को नहीं किया। यदि सरकार ने समय पर रिवीजन किया होता तो आज प्रदेश का न्यूनतम वेतन दिल्ली प्रदेश के न्यूनतम वेतन 18066 रू से कंही ज्यादा होता। बैठक में सीटू नेता शीतल राम, ग्रामीण चौकीदार सभा के राज्य नेता मनीश कुमार, सुखबीर सिंह प्रेम नगर, शमशेर सिंह, माम राज, सुखबीर इत्यादि ने भी अपने विचार रखे ।

# भाषण प्रतियोगिता में प्रतिष्ठा ने मारी बाजी, रुषा को मिला दूसरा स्थान

- डीएवी कॉलेज में टैलेंट शो के दौरान कई प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** प्रतियोगिता के दौरान छात्र व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में टैलेंट शो के अंतर्गत महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता और कविता उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीन कल्चरल अफेयर्स प्रोफेसर शिवानी डावर कार्यक्रम की संयोजिका रही। उन्होंने विद्यार्थियों को भागीदारी पर ज़ोर देने के लिए प्रेरित किया ।कविता उच्चारण में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रेखा शर्मा और प्रोफेसर मोनिका शर्मा ने निभाई। प्रोफेसर सिम्मी सभरवाल और डॉ. चांद सिंह भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिष्ठा ने प्रथम स्थान, रुषा ने द्वितीय स्थान और श्वेता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सपना और वृंदा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। कविता उच्चारण में छात्रा ज्योति ने प्रथम, रुषा ने द्वितीय और प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और विजेताओं को शुभकामनाएं दी। डॉ दर्शनलाल , डॉ श्वेता आहूजा , डॉ ख़ुशबू कार्यक्रम के इंचार्ज रहे । कार्यक्रम में प्रोफेसर प्रियंका मलिक, प्रोफेसर नवनीत, प्रोफेसर वर्णिका, प्रोफेसर अनिल, प्रोफेसर मनीष, प्रोफेसर रचना, प्रोफेसर निशा, प्रोफेसर मनीष व अन्य मौजूद रहे।

## प्राकृति के प्रति संवेदनशील रहे, जिला शिक्षा अधिकारी ने दिया संदेश

# पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी के साथ-साथ, विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार व अन्य।

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को खंड स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला विज्ञान विशेषज्ञा पूजा भारद्वाज, राजकुमार राणा (सुपरिंटेंडेंट), खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू बाला ने मुख्य अतिथियों व विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन गुरुदेव कुशाग्र शर्मा ने नोडल अधिकारी की भूमिका में किया। खंड के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने विज्ञान मॉडल व परियोजनाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रदूषण नियंत्रण तथा जल संरक्षण पर समाज को जागरूक किया। वहीं विज्ञान नाटकों के जरिए छात्रों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान रमणीक ने पाया तो इसी स्कूल के खुशबीर ने द्वितीय स्थान पाया। तृतीय स्थान दीपांशी को मिला। सांत्वना पुरस्कार रितिक को मिला पाया। विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजकीय उच्च विद्यालय डुलियानी , द्वितीय स्थान – राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराड़ा को तृतीय स्थान महर्षि मारकंडेश्वर अंतरराष्ट्रीय विद्यालय मुलाना एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ (संयुक्त रूप से) मिला। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया।